wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-34 | सागवाड़ा, मंगलवार,28 सितम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## पुलिस थाना चितरी ने नकबजनी की वारदातों का पर्दाफाश किया

**गलियकोट।** चितरी पुलिस ने नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी जोगपुर निवासी लालशंकर पिता नाथु पाटीदार निवासी ने चितरी थाने में एक रिपोर्ट दी थी कि 20 अगस्त को जोगपुर मोड के पास उसकी दूकान में चोरी हुई थी। दुकान से सामान और गल्ले से 3 हजार रूपये चोरी हो गए। चोरी की बात सुनकर आसपास से दुकानदार जीगर पिता दिलीप खटीक निवासी जुईतलाई व जयेश पिता उकई पाटीदार निवासी जोगपुर आये और बताया उनकी दुकानों में भी चोरी हुई है। अज्ञात बदमाशान तीनों के दुकानों का ताला तोड अंदर से सिगरेट, विमल, बिस्कीट व गल्ले से 3 हजार रूपये, मुर्गीया, छुरी, बगदा तथा वजन का कांटा गैस की टंकी तथा प्रेशर कुकर वगैरा अन्दर प्रवेश कर चुराकर ले गये है।

थानाधिकारी गोविंद सिह चौहानने बताया कि नकबजनी के मामले में संजय पिता शंकर डामोर मीणा उम्र 23 वर्ष निवासी खडगदा फला भवनपूरा, रवि उर्फ राजेन्द्र पिता राजमल बामणिया मीणा उम्र 19वर्ष निवासी जोधपुरा व संतोष पिता कालिया ननोमा मीणा उम्र 24 वर्ष निवासी लोहारीया फला खडगदा को थाना सागवाडा को गिरफतार कीया।

पुछताछ करने पर नकबजनी की उक्त तीनो वारदात करना स्वीकार की। गई तथा उक्त अभियुक्तगणो से पुछताछ जारी है।

# एसएफआई का कॉलेज गेट पर प्रदर्शन, उच्च शिक्षा मंत्री पुतला फूंका

## प्रवेश से वंचित 15 हजार छात्रों को प्रवेश देने, छात्रवृत्ति का भुगतान की मांगे रखी

**डूंगरपुर।**

स्टूडेंट फैडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के छात्रों ने मंगलवार को एसबीपी कॉलेज गेट के सामने प्रदर्शन किया और उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। एसएफआई ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रवेश से वंचित 15 हजार छात्रों को प्रवेश देने समेत कई मांगे रखी।

एसएफआई के छात्र मंगकवार सुबह साढ़े 10 बजे श्रीभोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय गेट के सामने एकत्रित हुए। इसके बाद एसएफआई के राज्य उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष फाल्गुन भराड़ा के नेतृत्व में कॉलेज परिसर के अंदर से मुख्य गेट तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। छात्रों ने मुख्य गेट को बंद कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने राज्य



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री भंवरसिंह का पुतला फूंका गया। अप्रदर्शन के बाद मुख्यमन्त्री के नाम कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

गया। राज्य उपाध्यक्ष फाल्गुन भराड़ा ने कहा कि एसबीपी कॉलेज में सभी संकाय में 2700 सीटें है, जबकि पास हो चुके 18 हजार छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। बावजूद सरकार ने 2700 सीटों पर ही प्रवेश दिया है और 15 हजार से अधिक विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह गए।

ऐसे में प्रवेश से वंचित विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित रह जाएंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। एसएफआई ने कॉलेज में रिक्त पड़े व्याख्याताओ के पद भरने, प्रथम वर्ष में प्रमोट किए विद्यार्थियों के प्रवेश शुल्क को अगली कक्षा के परीक्षा शुल्क में समायोजित करने समेत कई मांगे रखी है। वही एसएफआई ने इन मांगों के पूरा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## केन ने पंचायती राज के विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण



**गणेशपुर।** पंचायती राज विभाग संस्थाएं जयपुर के अतिरिक्त निदेशक राजेन्द्र सिंह केन ने मंगलवार को डूंगरपुर जिले का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने डूंगरपुर, दोवड़ा व आसपुर ब्लॉक के विभिन्न प्रगतिशील व पूर्ण कार्यो को देखकर आवश्यक निर्देश दिये। वागदरी ग्राम पंचायत में बन रहे मॉडल तालाब को देखा और उपस्थित श्रमिकों से चर्चा करते हुए मजदूरी प्राप्ति, जॉब कार्ड आदि के बारे में जानकारी ली। दोवड़ा ग्राम पंचायत का नवीन पंचायत घर के भी देखा। गणेशपुर में ग्राम सभा को देखते हुए प्रगतिरत मॉडल तालाबों को देखा कार्य स्थल पर श्रमिकों व मेट से चर्चा की कार्य देख कर सन्तोष व्यक्त किया। इसके पहले उन्होंने जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला व मुख्यकार्यकारी अधिकारी अंजली राजोरिया से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता किशन नोगिया, विकास अधिकारी बालकृष्ण कोटेड, राजेश वर्मा, भोपाल सिंह जोधा, आईईसी महेश जोशी, मनोज शर्मा, हकूमचन्द बैरवा, उपस्थित थे।

## ओनलाईन सट्टा लगाते एक सटोरिया गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने ओनलाईन सट्टा लगाते एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। वही आरोपी से दो मोबाइल जब्त किये है। डीएसटी के प्रभारी दिलीपदान चारण ने बताया की मुखबिर के जरिये तीजवड के पास एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर ओनलाइन सट्टा चलाने की सूचना मिली थी। जिस पर डीएसटी की टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी और तीजवड नालंदा बंगलो निवासी कनुभाई पटेल को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से 1 पर्ची मिली जिसमे 1450 रुपये का सट्टे का हिसाब व 2 मोबाइल मिले जिसमे दो लाख चौदह हजार का लेनदेन का हिसाब किताब मिला द्य जिस पर डीएसटी ने आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द किया। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

## शिक्षा विभाग के 13 कर्मचारी निलंबित डूंगरपुर से भंवरलाल और हरिश्चंद्र भी शामिल

**जयपुर।** हाल ही में हुई रीट परीक्षा में संदिग्ध भूमिका वाले शिक्षा विभाग के 13 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गयि है। इसमें डूंगरपुर जिले में कार्यरत शिक्षक भी शामिल है।

शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि रीट परीक्षा में अब तक प्राप्त जानकारी के आधार पर शिक्षा विभाग के 13 कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका की सूचना मिली थी। जिस पर ऐक्शन लेते हुए सभी 13 कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया है। अब आगे पुलिस जांच रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने के उपरांत इनकी सरकारी सेवा से बर्खास्तगी होगी। राउप्रावि कदवाल में कार्यरत शिक्षक भंवरलाल कडवासरा और राउप्रावि जादेला के शारिरिक शिक्षक हरिश्चंद्र पाटीदार को निलंबित किया है।

## गधे चोरी के मामले में तीन दिन की पुलिस रिमांड

**सागवाड़ा।** गधे चोरी के मामले में पुलिस ने सोमवार को दो जनों को जिला कारागृह से प्रोडेक्शन वारण्ट पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीन दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर दिया है। पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि इन्दिरा कॉलोनी निवासी शायर हुसैन पुत्र हाजी ईस्माईल ने दी रिपोर्ट में बताया कि लक्ष्मणपुरा गायत्री शक्ति पीठ के पास बाडा है जिसमें ईंटों का भट्टा है। वहां पर जेसीबी, डपर, कोयला के अलावा गधे बंधे हुए थे। नोकर के 28 अगस्त को छुट्टी पर था। इतियाद 29 अगस्त को भट्टे पर गया जहां 19 में से मात्र चार गधे ही मौजूद थे। भट्टे से 15 गधे बदमाश चोरी कर ले गए। कॉलोनी चौकी प्रभारी एसआई गोपाललाल शर्मा ने मामले की जांच करते हुए सोमवार को जिला कारागृह से प्रोडेक्शन वारन्ट पर उदयपुर जिले के गोगुन्दा थानान्तर्गत कडिया लोसिंग निवासी राजु (24) पुत्र मांगीलाल कालबेलिया एवं राजसमन्द जिले के नाथद्वारा निवासी नरेन्द्र (22) पुत्र लक्ष्मणजी वन्सीवाल को गिरतार किया।

## शहर में हुए नुकसान का पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने लिया जायजा

**सागवाड़ा।**

बीती रात को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने न सिर्फ आमजन को प्रभावित किया बल्कि किसी के आशियाने को भी उजाड़ दिया। बीती रात को हुए नुकसान का जायजा मंगलवार सुबह नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजु मामा शेख ने लिया । उनके साथ पटवारी विनय पूंजोत भी रहे। इन्दिरा कोलोनी सागवाड़ा वार्ड नंबर दो में बीपीएल परिवार मुस्तकीम मकरानी नासिर खां के घर के पतरे उड़ने से करीब 90 हजार का नुकसान हुआ है। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया



टीम के साथ इंदिरा कालोनी पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। खोड़निया के साथ उपाध्यक्ष राजु मामा, वार्ड नंबर दो के पार्षद फारुख लखारा, शेख़ राजु भाई बर्तन वाला, तारिक़ शेख , अजीज घाची, रईस लखारा, सलीम शेख और मोहल्ले वासियों ने कच्ची बस्तियों में जहां जहां नुकसान हुआ वहां मौका मुआयना किया।पटवारी विनय पूंजोत ने बताया कि जहां जहां भी नुकसान हुआ है उसकी जानकारी ली जा रही है। नुकसान संबंधित प्रकरण बनाकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

## कल भी दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी

**सागवाड़ा।**

132 केवी जीएसएस में 132 केवी मैन बेस का त्रैमासिक मेंटेनेंस बुधवार को किया जाएगा जिसके कारण सागवाड़ा, चीतरी एवं सीमलवाड़ा में छह घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियन्ता स्वाति जैन ने बताया कि सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 132 केवी जीएसएस सागवाड़ा, 132 केवी जीएसएस सीमलवाड़ा और 132 केवी जीएसएस चीतरी से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर से जुड़े शहर व गांवों की सप्लाई बाधित रहेगी

# तेज बारिश ने निकाले लोगों के पसीनें, दिनभर बिजली गूल

## बीती रात हुई तेज बारिश के बाद उमस और बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी

**सागवाड़ा।**

बिती रात को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से पेड़ धराशायी हो गए। आम लोगों को सुबह होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए सागवाड़ा नगरपालिका की टीम रातभर डटी रही और बंद रास्ते खुलवाएं। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि बीती रात हुई तेज बारिश से डूंगरपुर बांसवाडा मार्ग, आडीवाट, पुनर्वास कालोनी, गलियकोट मार्ग माणक पुरा मार्ग पर बड़े बड़े पेड़ गिरे थे। नगर पालिका सागवान की टीम ने रात 1 बजे तक इन पेड़ को हटाने का काम किया है। तेज हवाओं के साथ बारिश होने से पेड़ बिजली के तार पर भी गिरे है। ऐसे मे रात से गुल हुई बिजली की सप्लाई क्षेत्र में शुरू नही हो सकी है।इधर , बारिश ने लोगों के पसीने छुडा दिये। सोमवार रात से गुल हुई बिजली मंगलवार शाम तक बहाल नहीं हो सकी। पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि नगरपालिकाकर्मी जितेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, हेमंत जोशी, सिद्धार्थ शर्मा संजय हरिजन रातभर मौके पर रहे और जहां से भी सड़क पर पेड़ गिरने की सूचना मिलती वहां पहुंच कर जेसीबी की सहायता से पेड़ हटाए गए। बीती रात को तूफानी वर्षा का दौर जारी हुआ जिससे कई जगह पर पेड़ व बिजली के पोल गिरने से रास्ते जाम हो गये। सागवाडा - बांसवाड़ा मार्ग भी पूरी तरह से बंद हो गया था। करीब एक घण्टे बारिश के बाद पालिका प्रशासन ओर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रास्ता खुल पाया ।

## भीलूड़ा क्षेत्र 24 घंटो से अंधेरे में डूबा हुआ है बिजली विभाग के अधिकारियों के फोन है स्विच ऑफ

**सागवाड़ा।** बीती शाम को तूफान के साथ हुई बारिश के बाद से भीलूड़ा क्षेत्र में बिजली पूर्णरूप से बंद है । बिजली के साथा - साथ विभागीय अधिकारियों के फोन भी स्विच ऑफ आ रहे है। तूफान के साथा बारिश से जगह- जगह बिजली के पोल गिर गये है। जिस कारण बिजली सेवा बंद पड़ी है। वही आम जनता का जीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। 24 घंटो से इस क्षेत्र में बिजली बंद है। साथ ही लोगो के घरों में इन्वर्टर ने भी साथ छोड़ दिया। जिस कारण पानी, इंटरनेट, टीवी केबल व आटा चक्की की सुविधा भी पूरी तहर से ठप पड़ी हुई है।

वही कोटे के राशन में मिट्टी का तेल भी नहीं मिलता है, जो ये लोग रात में कुछ रौशनी कर सकें। आज भी अगर बिजली सेवा सुचारू नही हुई तो क्षेत्र में मुश्किलें खड़ी हो जायेंगी। ग्रामीणों से बात करने पर बताया कि घर में पानी खत्म हो गया है । अगर आज बिजली नही आई तो पानी की समस्या खड़ी हो सकती है।

## संचिया में सीईओ राजोरिया ने संचिया में 2 मेटो को ब्लैक लिस्ट किया



बिछीवाड़ा। ग्राम पंचायत संचिया पंचायत समिति बिछीवाड़ा के गांव संचिया मे सीईओ अंजली राजोरिया ने प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत प्रि केंप का एवं ग्राम पंचायत कार्यालय के साथ ही नरेगा कार्यों का निरीक्षण किया। नरेगा तहत रूपा सेंगा के घर से जगना नानजी के घर तक ग्रेवल सड़क कार्य पर कुल श्रमिक 66 में से मेट संगीता कांतिलाल द्वारा 52 श्रमिकों की उपस्थिति ली गई थी जिसमें 7 श्रमिक एवजी पाए गए। मेट संगीता कांतिलाल को ब्लैक लिस्टेड किया गया । इसी तरह मेन सड़क से रमण सविता के घर तक सड़क कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेट चुन्नीलाल हीराजी वरहात मस्टर रोल सहित नदारद पाए गए जिस पर मेट चुन्नीलाल को भी ब्लैक लिस्टेड किया गया।


## श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला में दानदाताओं का सम्मान



**सागवाड़ा।**

श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला सागवाड़ा में दान देने का क्रम जारी है। चक्की के यजमान मुकेश पुत्र मोगजी पाटीदार रणोली, अलमारी के यजमान मदन पुत्र जगन्नाथ मेहता सागवाड़ा, पंखों के यजमान अतुल पुत्र लालशंकर भावसार सागवाडा, सुधीर पुत्र धर्मीलाल वाडेल सागवाडा, शंकरलाल पुत्र कमलजी प्रजापत निवासी टामटिया, हीरालाल पुत्र गोकलजी पाटीदार निवासी पाडला गोकलीया , गंगा देवी पत्नी हिरालाल प्रजापति निवासी सागवाडा , जसवंत पुत्र हीरालाल सोनी पुनर्वास कोलोनी, कल्पेश पुत्र हिरालाल सुथार, कुर्सियों के यजमान रविन्द्र पुत्र रघुनाथ सुथार निवासी पुनर्वास कोलोनी, यशपालसिंह पुत्र वीरभद्र सिह माण्डव, हेमेन्द्र सिह पुत्र रामसिंह चौहान गामडा ब्राह्मणीया, दिपक पुत्र जगदीश तम्बोली सागवाडा, नवनीत पुत्र रतनलाल सोनी सागवाडा, ललीत पुत्र उमीयाशंकर पुंजोत बरबोदनिया का गौशाला मे उपरणा ओढाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आज भुवन भट्ट निवासी गोवाडी ने अपने पिताजी नवनीत भट्ट के श्राद्ध पर , कन्हैयालाल पंडया निवासी धम्बोला ने अपने पिताजी महेन्द्र प्रसाद पण्डया के श्राद्ध पर , अश्विन द्विवेदी निवासी जेठाणा ने अपने दादा करुणाशंकर द्विवेदी के श्राद्ध पर गोग्रास करवाया।पंडित मनोज ठाकुर ने पुजन कराया।इस अवसर पर विनय पुंजोत, परेश पण्डया, खेमराज भाटिया, मोहन मेहता, उमेश कलाल , ओमप्रकाश सुथार, रजत सुथार,नीता भट्ट, अल्पा भट्ट, माया भट्ट, रमा पण्डया, प्रिति पण्डया, अनिता सुथार, मौजूद थे।

## भादरा बाध हुआ ओवरफ्लो



**सीमलवाड़ा।** बीती रात को हुई बारिश से सीमलवाड़ा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बांध ओवरफ्लो हो गया है। क्षेत्र में लगातार बारिश होने से क्षेत्र के जलाशयों में अथाह जल राशि की आवक हुई है।

कई जलाशय लबालब हो चुके है तो कुछ ओवरफ्लो होने को आतुर है। गांव का चौवडिया तालाब भी लबालब हो गया वहीं धरमेला तालाब भी ओवरफ्लो हो गया है।

क्षेत्र में सोमवार रात आठ बजे से तेज बारिश शुरु हुई । बारिश के साथ बिजली गुल हो गई जो की मंगलवार दोपहर तक बहाल नही हो पाई थी।

## मध्यावधि अवकाश अवधि बढ़ाने और अक्टूबर माह से विद्यालय समय परिवर्तन नहीं करने की मांग

**सागवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश मंत्री अरविंद व्यास ने मुयमंत्री, शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर मध्यावधि अवकाश अवधि बढ़ाने तथा अक्टूबर माह से विद्यालय समय परिवर्तन नहीं कर वर्तमान समय अवधि को ही यथावत रखने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिन चौबीसा, जिलाध्यक्ष बलवंत बामणिया व जिला मंत्री कन्हैयालाल व्यास ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से स्कूल शिक्षा विभाग का शिविरा पंचांग शासन सचिव को अनुमोदन के लिए भेजा गया है जिसमें मध्यावधि अवकाश तीन नवंबर से 13 नवंबर अंकित है जबकि प्रति वर्ष अवकाश अवधि दीपावली पर्व से पहले से ही प्रारंभ होकर 15 दिन के रखे जाते हैं। मध्यावधि अवकाश 25 अक्टूबर से आठ नवंबर तक रखने का आग्रह किया है।

## विश्व हृदय दिवस पर लगाए जाएंगे शिविर

**बांसवाड़ा।** चिकित्सा विभाग की ओर से बुधवार को विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में शिविर लगाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि बुधवार को जिला अस्पताल व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शिविर का आयोजन होगा। जिसके तहत सुबह 9 बजे से 1 बजे तक विशेषज्ञों की ओर से ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई की जांच निशुल्क की जाएगी।

## चिखली प्रधान ने लगाएं गलत तरीके से एएनएम और नर्स के तबादले करने के आरोप, लोगों ने नाराजगी, तबादलो को निरस्त करने की मांग

**डूंगरपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में एएनएम और नर्स के तबादलो को लेकर अब चिखली प्रधान विरोध में उतर गई है। प्रधान के साथ क्षेत्र के सरपंच कलेक्ट्री पंहुचे और एसडीएम से मुलाकात कर गलत तरीके से तबादले करने के आरोप लगाए। वहीं इन तबादलो के कारण लोगों में आक्रोश को देखते हुए उन्हें निरस्त करने की मांग रखी। चिकित्सा विभाग में एएनएम व नर्स के तबादलो को लेकर चिखली प्रधान शर्मिला ताबियाड ने आक्रोश जताया है। प्रधान के नेतृत्व में चिखली पंचायत समिति के सरपंच कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सरपंचों का कहना है कि चिखली ब्लॉक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कई कार्मिकों का तबादला गलत जानकारी देकर करवाया गया है, जिससे क्षेत्र की आम जनता नाराजगी है।